कॉका : कॉर्पोरेट सम्प्रेषण विभाग
CO: Corporate Communication Department

प्रेस विज्ञप्ति **25.08.2023**

इंडियन बैंक द्वारा कर्नाटक में 'एमएसएमई प्रेरणा' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

कर्नाटक, 25 अगस्त 2023 : इंडियन बैंक ने अपने प्रमुख कारोबार मेंटरिंग कार्यक्रम, **'एमएसएमई प्रेरणा'** का शुभारम्भ कर कर्नाटक में उद्यमियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कार्यक्रम का उद्घाटन **डॉ. भागवत किशनराव कराड, माननीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री** द्वारा आज किया गया। इस कार्यक्रम में इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री इमरान अमीन सिद्दीकी और मुख्य महाप्रबंधक (खुदरा और एमएसएमई), श्री विकास कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर, श्री सुधीर कुमार गुप्ता, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलुरु तथा वरिष्ठ बैंककर्मियों सहित प्रमुख एमएसएमई उद्यमी भी उपस्थिति थे। इस कार्यक्रम का वेबकास्ट राष्ट्रीय स्तर पर किया गया।

एक अग्रणी पहल के रुप में निर्दिष्ट, "एमएसएमई प्रेरणा" देश के एमएसएमई क्षेत्र में किसी बैंक द्वारा शुरू की गई अपने तरह का यह पहला कार्यक्रम है। कार्यक्रम का उद्घाटन अक्टूबर, 2020 में श्रीमती निर्मला सीतारामन, माननीय केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री के कर कमलों से इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै में किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय भाषाओं में आयोजित कौशल वृद्धि और क्षमता निर्माण अभ्यास के माध्यम से एमएसएमई उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

एमएसएमई उद्यमियों को वित्तीय और प्रबंधकीय कौशल, संकट प्रबंधन कुशाग्रता, क्रेडिट रेटिंग गतिशीलता में अंतर्दृष्टि और जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों से लैस करने के मद्देनजर इस कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम मेसर्स पूर्णाथा एंड कंपनी की साझेदारी में संचालित किया जाता है, जो इंटरैक्टिव ऑनलाइन सत्रों और वास्तविक दुनिया के केस अध्ययन के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में उद्यमशीलता कार्यक्रम विकसित करने में विशेषज्ञता वाली कंपनी है। इस नवीन प्रशिक्षण अभियान को 10 राज्यों में 7 अलग-अलग भाषाओं में सफलतापूर्वक संचालित किया जा चुका है। इस तरह, व्यवसायों को निर्बाध संचालित करने में सहयोग के लिए उद्यमियों द्वारा काफी प्रशंसा की गई है।

कर्नाटक राज्य के उद्यमियों के बीच विशेष रूप से कन्नड़ भाषा में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए इंडियन बैंक पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्यभर में कार्यरत इंडियन बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा नामांकित उद्यमी भाग लेंगे।

श्री विकास कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने भारत सरकार की इस पहल की सराहना की और कहा कि यह वित्तीय सहायता के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने का बेहतर प्रयास है और इससे देश की आर्थिक वृद्धि में सहयोग मिलता है। श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक ने एमएसएमई क्षेत्र में निहित पर्याप्त संभावनाओं और रोजगार के अवसरों पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि किस तरह से 'एमएसएमई प्रेरणा' आवश्यक कौशल का पोषण कर व्यापार उद्यमियों के प्रयासों को पूरक बनाएगी, जिससे उन्हें अपने उद्यमों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए कर्नाटक सरकार एवं भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई विविध योजनाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम बनाया जा सकेगा।

डॉ. भागवत किशनराव कराड, माननीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने इस प्रकार के अग्रणी और असाधारण पहल के लिए इंडियन बैंक की सराहना की। उन्होंने विश्वास जाहिर किया कि इस कार्यक्रम से निस्संदेह रूप से कर्नाटक में एमएसएमई उद्यमियों को बहुमूल्य सहयोग मिलेगा। डॉ. कराड ने एमएसएमई के प्रमुख भागीदारी के रूप में बैंकों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंक न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करती है, बल्कि इस क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरुप क्षमता निर्माण और कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश करने में भी सहायता प्रदान करती है। अंत में, श्री सुधीर कुमार गुप्ता, क्षेत्र महाप्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।